अंग्रेजी और हिंदी सामान्य ज्ञान
अब हमारी वेबसाईट पर
dailychhattisgarh.com

प्रजाशक्ति

छपे हुए अखबार से और
अधिक सामग्री वेबसाईट पर
dailychhattisgarh.com

रायपुर, 4 जनवरी 2018, गुरुवार www.dailychhattisgarh.com वर्ष-10 अंक-313 पृष्ठ-12 दाम- 3 रुपये आरएनआई रजि. क्रं. CHHHIN/2008/24127 डाक पंजीयन क्र. छग /रायपुर संभाग /40/2018-2020 माघ बदी ३ सं. २०७४

दुनिया की सबसे महंगी चोदका बॉटल, करीब सवा 8 करोड़ रुपये दाम की, चोरी हो गई है। यह डेनमार्क के कोपेनहेगन के एक बार में सजाकर रखी गई थी और यह दुनिया में अपने ब्रांड की इस किस्म की चोदका की अकेली बॉटल थी। इसे एक रूसी कारोबारी ने इस बार को सजाने के लिए उधार दिया था। यह बॉटल 3 किलो सोने, 3 किलो चांदी से सजी हुई थी, साथ ही इसके ढक्कन पर हीरे जड़े हुए थे। बार मालिक ने इसका कोई बीमा भी नहीं करवाया हुआ था, और अब इसे वापिस पाने के लिए उसने मोटा ईनाम घोषित किया है।

500 रु. में करोड़ों आधार कार्ड की जानकारी !

नई दिल्ली, 4 जनवरी (आज तक)। कुछ समय पहले इस तरह का विज्ञापन दिलाया गया था कि आधार कार्ड बिल्कुल सुरक्षित है। आधार बनाने वाली अथॉरिटी यूआईडीएआई ने भी कहा था कि आधार कार्ड में हर किसी की निजी जानकारी बिल्कुल सुरक्षित है। लेकिन अगर आप ऐसा सोचते हैं तो बिल्कुल गलत हैं। आप मात्र 500 रुपये देकर मात्र 10 मिनट में करोड़ों आधार कार्ड की जानकारी हासिल कर सकते हैं। ये बात थोड़ी चौंकाने वाली है, लेकिन ऐसा दावा किया जा रहा है।

अंग्रेजी अखबार, द ट्रिब्यून ने एक तहकीकात की है जिसमें इस तरह की बातों का खुलासा हुआ है। ट्रिब्यून के अनुसार, उन्होंने एक व्हाट्सएप ग्रुप से मात्र 500 रुपये में ये सर्विस खरीदी और करीब 100 करोड़ आधार कार्ड का एक्सेस मिल गया। दरअसल, उनकी तहकीकात में उन्हें एक एजेंट के बारे में पता लगा।

(बाकी पेज 5 पर)

BALAJEE GROUP OF INDUSTRIES
CONCRETE TMT
मजबूती ही हमारा विश्वास है
facebook.com/concretetmt twitter.com/concretetmt
www.concretetmt.com

कांग्रेस सिर्फ भ्रम फैला रही, आदिवासी-जमीन की खरीद उनकी सहमति से ही-प्रेमप्रकाश

राजस्व मंत्री आदिवासी मंत्रियों के साथ बैठे मीडिया के सामने

छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 4 जनवरी। राजस्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने कहा है कि प्रदेश में आदिवासियों की जमीन उनकी सहमति से केंद्र व राज्य सरकार अपनी विभिन्न परियोजनाओं के लिए खरीद सकती हैं। उनकी जमीन किसी निजी हाथों में नहीं सौंपी जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस के पास अब कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए वह आदिवासियों की जमीन को लेकर भ्रम फैला रही है। चुनावी साल में वह उसे राजनीतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने के प्रयास में है।

राजस्व मंत्री श्री पांडेय ने गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, आदिम जाति विकास मंत्री केदार कश्यप व वन मंत्री महेश गागड़ा के साथ गुरुवार को वहां पत्रकारों से चर्चा में भू-राजस्व संहिता में संशोधन के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों राजस्व विभाग ने धारा 165 की उपधारा 6 के प्रावधानों में संशोधन लाया था, पर इसे लेकर विवाद खड़ा करने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस यहां के आदिवासी समाज में भ्रम फैलाने में लगी है।

(बाकी पेज 5 पर)

सिंहदेव का वार, कहा -सरकार ने आदिवासियों को छला

नेता प्रतिपक्ष टीएस सिंहदेव ने भू-राजस्व संहिता में संशोधन करने के मामले में एक बार फिर सरकार पर हमला बोला है। श्री सिंहदेव ने कहा कि सरकार ने आदिवासियों के साथ छल किया है और अनुसूचित क्षेत्रों में उनकी जमीन लेने का रास्ता खोल दिया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि विधानसभा में कांग्रेस ने बिल को जल्दबाजी में लाने का विरोध किया था और इसको सलेक्ट कमेटी के पास भेजने का सुझाव दिया था। बावजूद इसके सरकार ने बहुमत से बिल पास करा लिया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने नया भूमि अधिग्रहण कानून बनाया था। जिसमें 4 गुना मुआवजे का प्रावधान था। लेकिन सरकार ने इसमें संशोधन कर मुआवजा राशि घटा दिया।

जिग्नेश-उमर खालिद का मुंबई में कार्यक्रम पुलिस ने रद्द किया

मुंबई, 4 जनवरी (एनडीटीवी)। दलितों द्वारा आहूत किए गए महाराष्ट्र बंद के अगले दिन गुरुवार को मुंबई पुलिस ने एक समारोह को रद्द कर दिया है, जिसमें शत हो में विधायक बने गुजरात के दलित नेता जिग्नेश मेवानी तथा दिल्ली की जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के उमर खालिद को शिरकत करनी थी। पुलिस ने कार्यक्रम के आयोजक विद्यार्थियों को भी सावधानीवश हिरासत में ले लिया है।

दक्षिणपंथी गुटों ने जिग्नेश मेवानी और उमर खालिद पर राज्य में जातीय तनाव भड़काने का आरोप लगाया है। मंगलवार को जब मुंबई में कथित रूप से दलित समर्थक प्रदर्शनकारी सड़क तथा रेल यातायात को बाधित कर रहे थे, पुणे पुलिस के पास जिग्नेश मेवानी के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया था।

शिकायत में कहा गया है कि जिग्नेश मेवानी और उमर खालिद ने 31 दिसंबर को एलगर परिषद नामक कार्यक्रम में शिरकत की, जो भीमा-कोरेगांव युद्ध की 200वीं वर्षगांठ मनाने के लिए आयोजित किया गया था।

(बाकी पेज 5 पर)

अमरीका को पाक का जवाब
हमारे बेस से किए 57800 हमले, कुर्बान हुए हजारों पाक नागरिक और फौजी

नई दिल्ली, 4 जनवरी (जनसत्ता)। अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान को आतंक समर्थित चेहरा सबके सामने रखकर उसकी पोल खोली और बताया कि कैसे वह पिछले 15 वर्षों में 33 अरब से ज्यादा की आर्थिक मदद लेकर भी वाशिंगटन के नेताओं को मूर्ख समझता रहा है, इस पर पड़ोसी मुल्क की बौखलाहट थम नहीं रही है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक बार फिर राष्ट्रपति ट्रंप को जवाब दिया है। आसिफ ने ट्वीट कर अमरीका पर फिर कई एहसान गिना डाले।

आसिफ ने बताया कि कैसे अमरीका ने अपने हितों को साधने के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान अमरीका के साथ हरदम खड़ा रहा, लेकिन इतिहास सिखाता है कि अमरीका पर आंख बंद कर भरोसा नहीं करना चाहिए। आसिफ ने कहा- ट्रंप पूछते हैं कि हमने क्या किया ? हमारी एक फोन कॉल पर एक तानाशाह आत्मसमर्पण कर देता है। हम गवाह हैं कि कैसे हमारी जमीन का इस्तेमाल कर अमरीका ने अफगानिस्तान में 57800 हमले कर खून की नदियां बहाईं। तुम्हारी सेनाओं को हमारी धरती से हथियार और बम सप्लाई किए गए। तुम्हारे द्वारा छेड़े गए युद्ध में हमारे हजारों सैनिक और नागरिक यूं ही मारे गए।

आसिफ ने कहा आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अमरीका का साथ देकर पाकिस्तान ने बड़ी कीमत चुकाई है। उन्होंने कहा- हमने तुम्हारे दुश्मनों को अपना दुश्मन समझा, हमने पूरे जोश के साथ तुम्हारा साथ दिया जिसका खामियाजा हमें बिजली और गैस की कम आपूर्ति से भुगतना पड़ा।

(बाकी पेज 5 पर)

130 दिनों में साइकल पर 29 हजार किमी

पुणे, 4 जनवरी (पुणे मिरर)। पुणे की 19 वर्षीय लड़की साइकल से पूरी दुनिया नापेगी। जी हां, अपने जुनून से एक नया इतिहास रचने के लिए वेदांगी कुलकर्णी जल्द ही इस यात्रा पर निकलेंगी। इस यात्रा में वह 29 हजार किलोमीटर साइकल चलाकर दुनिया का चक्कर लगाएंगी। अगर सब ठीक रहा तो 130 दिनों में वह अपनी यात्रा पूरी करके वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाएंगी। वेदांगी यूके के बॉर्नमाउथ यूनिवर्सिटी में स्पोर्ट्स मैनेजमेंट की सेकेंड ईयर की छात्रा हैं। वह अपनी यात्रा ऑस्ट्रेलिया के पर्थ से शुरू करेंगी। वेदांगी साइकल से दुनिया का सबसे जल्दी चक्कर लगाने का रेकॉर्ड अपने नाम करना चाहती हैं।

(बाकी पेज 5 पर)

बीएसएफ ने जवाबी कार्रवाई में ढेर किए 10 पाक रेंजर्स

श्रीनगर, 4 जनवरी (आज तक)। जम्मू-कश्मीर में सीमा पार से पाकिस्तान के सीजफायर उल्लंघन में बुधवार को एक बीएसएफ जवान के शहीद होने का बदला 24 घंटे में ले लिया गया है। गुरुवार को सांबा सेक्टर में बीएसएफ ने पाकिस्तान के खिलाफ 'बड़ी कार्रवाई' की। मोदी सरकार के एक के बदले 10 सिर वाले बयान को सच करते हुए बीएसएफ ने 10 पाकिस्तानी रेंजर्स को ढेर कर दिया। साथ ही एलओसी पार 4 पाकिस्तानी चौकियों को भी तबाह कर दिया।

(बाकी पेज 5 पर)

बंगाल से पाक तक दुनिया का सबसे बड़ा फॉग

पिछले 8 दिनों से दक्षिण एशिया के इंडो गैंगेटिक प्लेन में कोहरे की बड़ी चादर छाई हुई है। मौसम वैज्ञानिकों का दावा है कि यह दुनिया की सबसे बड़ी कोहरे की चादर है, जो पाकिस्तान से शुरू होकर बंगाल तक जा रही है। इसका खुलासा 3 जनवरी को सुबह 9.30 बजे सेटेलाइट इमेज से हुआ। जब कोहरे की चादर की तस्वीर ली गई थी।

इस बारे में आईसीआई मेट के हेड डॉ. आरके जेनामनी का कहना है कि आज तक पूरी दुनिया में इतने बड़े क्षेत्र में कोहरे की चादर कभी नहीं देखी गई। चीन और कैलिफोर्निया प्लेन एरिया में भी आज तक ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में इंडो-गैंगेटिक रीजन का क्षेत्र सबसे ज्यादा है, जो 1500 से दो हजार किलोमीटर तक फैला है। यहां बीते 8 दिनों तक कोहरा छाया रहा।

उनका अनुमान है कि कोहरे की यह स्थिति अगले चार से पांच दिनों तक बनी रहेगी। दिल्ली में जनवरी के शुरुआती दिनों में पिछले दो वर्षों में कोहरे का ऐसा पैटर्न नहीं दिखाई दिया। लेकिन 2018 के शुरुआती दिनों में ऐसी स्थिति बनी है। यही वजह है कि कोहरा लगातार दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में बना हुआ है।

मौसम विभाग के डिप्टी डायरेक्टर जनरल डॉ. देवेंद्र प्रधान ने कहा कि दिल्ली और आसपास के इलाकों में अगले पांच दिनों तक इसी तरह स्थिति बनी रहेगी। हवा की रफ्तार धीमी होने के कारण वातावरण में नमी बनी है और कोहरा बना हुआ है। मौसम विभाग के डिप्टी डायरेक्टर जनरल डॉ. देवेंद्र प्रधान ने कहा कि दिल्ली और आसपास के इलाकों में (बाकी पेज 5 पर)

ठंड से कांप रहा पूरा उत्तर भारत, 54 मौतें

नई दिल्ली, 4 जनवरी (जागरण)। पूरा उत्तर भारत कड़ाके की ठंड की चपेट में है। कड़कड़ाती ठंड के चलते केवल उत्तर प्रदेश में 54 की जान चली गई। यह मौतें मंगलवार देर रात और बुधवार को हुई। वहीं, हरियाणा में भी ठंड से एक व्यक्ति की मौत हो गई। सर्द हवाओं के बीच कोहरा भी लोगों की परेशानी का सबब बना हुआ है। कोहरे का सीधा असर रेल और हवाई यातायात पर पड़ा है।

बुधवार को इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 18 उड़ानें देर से रवाना हुईं। कोहरे की वजह से बुधवार को 27 ट्रेनें रद्द रहीं। लगभग 125 ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से दिल्ली के विभिन्न स्टेशनों पर पहुंचीं। पचास से ज्यादा ट्रेनों के प्रस्थान समय में बदलाव करना पड़ा। मौसम विभाग के मुताबिक सात जनवरी तक कोहरे और गलन भरी सर्दी से राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। अगले दो-तीन दिनों तक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में सर्दी और बढ़ेगी।

भीमा-कोरेगांव, नक्सलियों ने रचा था षड्यंत्र ?

सौमित्र बोस

नागपुर, 4 जनवरी (टाईम्स ऑफ इंडिया)। पुणे के भीमा-कोरेगांव में दलित संगठनों के आंदोलन के पीछे शहरी नक्सल कादर का हाथ है। सुरक्षा एजेंसियों ने ऐसी आशंका जताई है। एजेंसियों के मुताबिक नक्सलियों ने भीमा-कोरेगांव में प्रदर्शन और सेमिनार का आयोजन इसलिए रखा ताकि इससे विवाद पैदा हो और उसके बाद पूरे महाराष्ट्र में दलितों का आंदोलन फैल जाए। भीमा-कोरेगांव की हिंसा से ठीक एक दिन पहले मुंबई में नक्सल फ्रंट ऑर्गनाइजेशंस की मीटिंग यलगर परिषद के सीज किए दस्तावेजों के आधार पर एजेंसियों ने यह निष्कर्ष निकाला है।

नाम उजागर न करने की शर्त पर एक पुलिस अधिकारी ने बताया, हमारी सुरक्षा एजेंसियों की रिपोर्ट्स और रिकॉर्ड्स के मुताबिक 31 दिसंबर को पुणे के शनिवार वाड़ा में हुई फ्रंट ऑर्गनाइजेशंस की यलगर परिषद में शामिल लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर नक्सलवादियों से जुड़े हुए थे। उन्होंने कहा, ऐसे आंदोलनों में नक्सली या तो घुस जाते हैं या फिर ऐसी हिंसा भड़का देते हैं। पहले भी ऐसा देखा गया है।

सीएम देवेंद्र फडणवीस ने भी इस बात से इंकार नहीं किया है कि हिंसक आंदोलन में वामपंथी अतिवादी संगठनों का हाथ हो सकता है। उन्होंने कहा कि हम इन संगठनों की भूमिका की जांच कर रहे हैं। (बाकी पेज 5 पर)

मुंबई, इमारत में लगी आग, 4 मौतें

मुंबई, 4 जनवरी (एजेंसियां)। मुंबई के मरोल इलाके में एक रिहायशी इमारत में आग लगने से 4 लोगों की मौत हो गई। दमकल की 8 गाड़ियों को मदद से आग को बुझा लिया गया है। इमारत में और भी कई लोग फंसे थे जिन्हें समय रहते निकाल लिया गया। पिछले दिनों मुंबई के कमला मिल्स कंपिलेक्स गुरुवार देर रात कमर्शियल पर स्थित एक पब में आग लगने से 14 लोगों की मौत हो गई थी।